E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 17 भू0 स0 को0 3/2/2018–10777

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त
खगड़िया, लखीसराय, जमुई, शिवहर एवं नालंदा।

पटना, दिनांक :–10-09-2020

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त का दायित्त्व निर्वहन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निदेशालय स्तर से आपके जिलों में चल रहे सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की समीक्षा हेतु प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारियों द्वारा संसूचित किया गया है कि आपके द्वारा बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के निमित प्रभारी पदाधिकारी (चार्ज ऑफिसर), बन्दोबस्त के दायित्त्व का निर्वहन नहीं किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के कार्यों के पर्यवेक्षण एवं दायित्त्व निर्वहन हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से जिलों के अपर समाहर्त्ता (राजस्व) को जिम्मेदार माना गया है, क्योंकि भूमि सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य एक वरीय पदाधिकारी के स्तर से ही पर्यवेक्षण योग्य कार्य है।

निदेश है कि सरकार के इस बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के महत्त्वपूर्ण कार्य के सफल संचालन हेतु पत्र प्राप्ति के साथ ही प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त के दायित्त्व का निवर्हन करने का कष्ट किया जाए और निदेशालय स्तर से निर्गत पत्रों के आलोक में प्रतिवेदन ससमय भेजने का कष्ट किया जाए।

विश्वासभाजन

10/9/20

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17 भू0 स0 को0 3/2/2018–10777 **पटना, दिनांक :–**10-09-2020

प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया, लखीसराय, जमुई, शिवहर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/9/20

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17 भू0 स0 को0 3/2/2018–10777 **पटना, दिनांक :–**10-09-2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

10/9/20

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप